स्पीड न्यूज

## शहीदी सप्ताह होने की वजह से अब सादे तरीके से मनाया जायेगा गुरुपर्व



जमशेदपुर। पश्चिम बंगाल के मिदनापुर में चंद्रकोना स्थित गुरुद्वारा नानकसर प्रबंधन ने सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (सीजीपीसी) के निवेदन का सम्मान करते हुए गुरु नानक देव जी के 554वें गुरुपर्व को बेहद सादे तरीके से मनाने का फैसला किया है। गौरतलब है कि चंद्रकोना में दिसंबर 20 से 26 तक गुरु नानक देव जी का गुरुपर्व मनाया जाना है जहां सीजीपीसी के विशेष आग्रह पर अब कार्यक्रम में कुछ तब्दीलियां कर दी गयीं हैं। शुक्रवार को सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह और महासचिव अमरजीत सिंह ने गुरुद्वारा नानकसर चंद्रकोना साहिब के प्रधान सरदार जितेन्द्रपाल सिंह से दूरभाष पर संपर्क कर तर्क देते हुए निवेदन किया था, चूँकि प्रत्येक वर्ष दिसम्बर माह 21 से 28 तारीख तक चारो साहिबजादों का शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस दौरान सिख समाज में किसी भी तरह के खुशी के कार्यक्रम आयोजित नहीं किये जाते हैं। इसलिए शहीदी दिहाड़े को ध्यान में रख कर गुरु साहिब के प्रकाश पर्व को सादे तरीके से मनाया जाये। सीजीपीसी की इस गुजारिश को गुरुद्वारा नानकसर चंद्रकोना साहिब के प्रधान सरदार जितेन्द्रपाल सिंह ने सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में तबदीली के लिए तत्काल सहमति दे दी। जितेन्द्रपाल सिंह ने यकीन दिलाया कि नगर कीर्तन के दौरान किसी प्रकार की आतिशबाजी नहीं की जाएगी और ना ही स्टॉलों में किसी प्रकार के मिष्टान पदार्थ का वितरण होगा। उन्होंने पूरी सीजीपीसी परिवार को आमत्रित करते हुए यह भी कहा कि अगले वर्ष गुरु साहब क प्रकाश पर्व कार्यक्रम में स्थायी फेरबदल कर शहीदी सप्ताह के समय अवधि में आयोजित नहीं किया जायेगा। सरदार भगवान सिंह और अमरजीत सिंह ने सीजीपीसी के आग्रह के सम्मान करने के लिए चंद्रकोना गुरुद्वारा के प्रधान जितेन्द्रपाल सिंह का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## किड्स स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप शुरु



जमशेदपुर। एशियन किड्स स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप 2023 का उद्घाटन आज जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुआ, जिसमें युवा प्रतिभागियों ने पहले दिन आयोजित कार्यक्रम के दौरान असाधारण कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टाटा स्टील के सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्थिरता के उपाध्यक्ष राजीव मंगल, वाइस प्रेसिडेंट, सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी, टाटा स्टील इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, उनके साथ एंटरप्राइज क्लाइंबिंग के सीईओ बेनोइट बेलियर भी सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। उद्घाटन के दौरान इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन के मानद सचिव कीर्ति पेस और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ स्पोर्ट क्लाइंबिंग (आईएफएससी) एशिया के महासचिव रसिप इन भी उपस्थित थे। इस चैंपियनशिप का समापन 10 दिसंबर को होगा। इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन (आईएमएफ) और आईएफएससी एशिया के सहयोग से टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शुक्रवार को 11 एशियाई देशों की भागीदारी देखी गई। 11 विविध एशियाई देशों से आए कुल 91 प्रतिभागियों ने यूथ सी (आयु 10 और 11 वर्ष) और यूथ डी (आयु 12 और 13 वर्ष) श्रेणियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह आयोजन प्रतिभा और दृढ़ संकल्प को प्रोत्साहित करने, सौहार्द और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने का वादा करता है। उद्घाटन समारोह एक भव्य कार्यक्रम था, जिसमें एक मनमोहक जनजातीय नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसे फिरकाल नृत्य के नाम से जाना जाता है। क्षेत्र की पारंपरिक संस्कृति में गहराई से निहित इस नृत्य शैली ने कार्यक्रम में एक जीवंत और सांस्कृतिक पहलू जोड़ा, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। उत्सव के माहौल को और बढ़ाते हुए, प्रेम ज्योति प्रांगण के बैंड ने जोशीले संगीत प्रस्तुति के साथ प्रतिभागी देशों का स्वागत किया। क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हुए गणमान्य व्यक्तियों को पारंपरिक शॉल और सोहराई कला केस से सम्मानित किया गया। युवा प्रतिभागियों ने यूथ सी (उम्र 10 और 11 वर्ष) और यूथ डी श्रेणियों में अपना कौशल दिखाया। पहले दिन विभिन्न श्रेणियां में निम्न खिलाड़ियों ने विजय प्राप्त किया। यूथ दी महिला श्रेणी में सिंगापुर की लेयाना क्लियर सिंह पहले स्थान पर रही जबकि दूसरे स्थान पर कजाकिस्तान की एवेलीना स्टेशेलोविच रही जबकि तीसरे स्थान पर भारत की ध्रुव गणेश पौडवाल रही। यूथ डी पुरुष प्रतियोगिता में कजाकिस्तान के इवान स्टेटस्को, दूसरे स्थान पर कजाकिस्तान के ही एरखान रहे जबकि तीसरे स्थान पर थाईलैंड के तीन्थी राजा रुवत रहे। यूथ सी पुरुष श्रेणी में प्रथम स्थान पर थाईलैंड के पाओ किचोवाथ, दूसरे स्थान पर सिंगापुर के डेनवर और तीसरे स्थान पर शालीन राकेश नवे रहे।

# वंचित पृष्ठभूमि की छह युवतियों को मिला 25 वां भानुमति नीलकंठन अवार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** वंचित पृष्ठभूमि की छह महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने और स्वीकार करने के लिए 25 वें भानुमति नीलकंठन पुरस्कार समारोह 8 दिसंबर, 2023 को डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल के कलाकृति सभागार में आयोजित किया गया। समारोह में भानुमति नीलकं ठन पुरस्कारों की अध्यक्ष भानुमति नीलकं ठन के साथ-साथ डीबीएमएस की संरक्षक भी शामिल थीं। ट्रस्ट, प्रबंध समितियों के सदस्य, प्राचार्य, उप प्राचार्य, डीबीएमएस की विभिन्न इकाइयों के समन्वयक। स्कूल, विभिन्न प्रतिष्ठित अतिथि और शुभचिंतक। इस अवसर पर मेहरबाई अस्पताल की निदेशक और न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग, टीएमएच की प्रमुख डॉ सुजाता मित्रा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत डीबीएमएस के छात्रों द्वारा गाए गए प्रार्थना गीत से हुई। इसके बाद भानुमती नीलकंठन पुरस्कार की अध्यक्ष कमला सुब्रमण्यम ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। रजनी शेखर, प्राचार्य, डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल के साथ-साथ भानुमती नीलकंठन पुरस्कार के सचिव ने दर्शकों को पुरस्कार चयन के बारे में बताया।



पुरस्कृत युवतियों के साथ पुरस्कार की संस्थापक व नामी समाजसेवी भानुमति नीलकंठन।

### 1994 में भानुमति नीलकंठन अवार्ड की हुई थी स्थापना

पुरस्कारों की शुरूआत और स्थापना 1994 में भानुमति नीलकंठन के भाइयों एस चंद्रन और एस श्रीधर द्वारा समाज के गुमनाम नायकों को सम्मानित करने के लिए एक स्थायी ट्रस्ट के माध्यम से की गई थी, जिन्होंने बाधाओं से प्रभावित हुए बिना अपने क्षेत्र में खुद को चैंपियन साबित किया है। और चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है।

### इन्हें मिला अवार्ड

पुरस्कार पाने वालों में श्रेणी क (शारीरिक रूप से विकलांग) में अमृत कौर, श्रेणी ख (महिला उद्यमी) में लखीमनी सरदार, श्रेणी ग (एक उत्कृष्ट खिलाड़ी) में शबनम परवीन और पुष्पा सिंह, अर्चिता हाजरा शामिल थीं।

श्रेणी घ (उत्कृष्ट विद्यार्थी) में शांति लता टुडू श्रेणी शामिल थीं। पुरस्कार विजेताओं को मुख्य अतिथि सुजाता मित्रा द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। केएस भानुमती नीलकंठन पुरस्कार के सदस्य नारायण ने प्रत्येक पुरस्कार विजेता को 10,000 रुपये का चेक प्रदान किया। इसके बाद चालू वर्ष की पुरस्कार विजेता अमृत कौर द्वारा गाए गए एक मधुर गीत की प्रस्तुति दी गई। पुरस्कार विजेताओं की सराहना करने और उन्हें सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने और समाज के लिए रोल मॉडल बनने के उनके प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, भानुमती नीलकं ठन पुरस्कार के विभिन्न सदस्यों के साथ-साथ शुभचिंतकों ने पुरस्कार विजेताओं को उपहार और उपहार प्रदान किए। इसके बाद, चालू वर्ष की पुरस्कार विजेता सुश्री लखीमनी सरदार ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की और अपना आभार व्यक्त किया।

बी एन अवार्ड्स की चेयरपर्सन भानुमति नीलकांतन ने सभा को संबोधित किया और अपने विचार और अंतर्दृष्टि साझा की। पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने दर्शकों को ऐसे उत्कृष्ट उदाहरणों से प्रेरित महसूस करने और सफलता की राह पर लगन से काम करते रहने की आवश्यकता बताई। इसके बाद, सुजाता मित्रा ने बी एन पर अपने विचार साझा करते हुए सभा को संबोधित किया। पुरस्कार और नेक काम उन्हें एक स्मृति चिन्ह और उपहार बाधा भेंट की गई। गुरप्रीत भामरा, डीबीएमएस की प्रिंसिपल।

कदमा हाई स्कूल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का समापन डीबीएमएस के छात्रों द्वारा गाए गए गीत 'हम होंगे कामयाब' की भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ हुआ। कदमा हाई स्कूल किसी के चुने हुए क्षेत्र में पूर्णता के शिखर तक पहुंचने के लिए ईमानदारी और प्रतिबद्धता के मूल्यों को स्थापित करता है।

# मानगो में दिनदहाड़े जमीन कारोबारी और सिपाही की गोली मारकर हत्या

## कांग्रेसी नेता डाबर का भाई था सज्जाद, मृतक पुलिसकर्मी का नाम रामदेव महतो

### जवाहरनगर रोड नंबर 15 विशाल मेगा मार्ट के पास हुई वारदात, दहशत में लोग



सज्जाद उर्फ टांगा।


जवान रामदेव महतो।


मृतक जमीन कारोबारी का भाई डाबर।


टाटा मेन हॉस्पिटल में भर्ती कांस्टेबल को देख कर निकलते एसएसपी किशोर कौशल।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** यहां मानगो नगर निगम क्षेत्र के जवाहर नगर रोड नंबर 15 में अपराधियों ने दिनदहाड़े एक जमीन कारोबारी और पूर्व दागी सज्जाद उर्फ टांगा की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या की वारदात की खबर मिलने पर अपराधियों का पीछा कर रहे टाइगर मोबाइल के जवानों पर भी जाते-जाते अपराधियों ने गोली चलाई जिसमें एक जवान रामदेव महतो 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। कांस्टेबल रामदेव महतो ने भी शुक्रवार की शाम टाटा मैन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना ने आम जनता के साथ-साथ पुलिस प्रशासन को भी अंदर से हिला कर रख दिया है बताया जाता है। टाइगर मोबाइल का जवान रामदेव महतो अपने साथी कांस्टेबल के साथ घटना के समय पहुंच गया और उसने बदमाशों को पकड़ने के लिए उनका पीछा करना शुरू कर दिया था। इसी दौरान बदमाशों ने उसे गोली मार दी थी जबकि दूसरे जवान ने भाग रहे अपराधियों में से एक को दौड़कर पकड़ने में कामयाबी हासिल कर ली। जवान को गंभीर अवस्था में टाटा मैन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। पकड़े गए अपराधी की निशानदेही पर पुलिस अभी छापेमारी कर रही है। सज्जाद उर्फ टांगा की बात करें तो वह जमीन का कारोबारी था और जमीन विवाद में ही उसे गोली मारी गई है। सज्जाद उर्फ टांगा कांग्रेसी नेता डाबर का भाई था। मृतक सज्जाद जाकिर नगर के हुसैनी मोहल्ले का रहने वाला है। हमलावर बाइक से आए थे और उन्होंने सज्जाद के सीने और पेट में गोलियां दाग दी थीं।

## 17-18 दिसंबर को ग्रीन एंड सस्टेनेबल आयरन मेकिंग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स के सहयोग से, 17-18 जनवरी, 2024 को जमशेदपुर में ग्रीन एंड सस्टेनेबल आयरनमेकिंग पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ब्लास्ट फर्नेस ऑपरेशन्स, अपशिष्ट उपयोग और आयरन मेकिंग प्रौद्योगिकियों में प्रगति के दायरे में डीकार्बोनाइजेशन रणनीतियों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों को संबोधित करना है। सम्मेलन में प्रौद्योगिकी आपूर्तिकर्ताओं, डिजाइनरों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, छात्रों और पर्यावरणीय सस्टेनेबिलिटी की हिमायत करनेवालों के साथ-साथ डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन और ब्लास्ट फर्नेस प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पेशेवर एकजुट होंगे। यह कार्यक्रम प्रशंसित उद्योग विशेषज्ञों के साथ बातचीत, ज्ञान-साझाकरण और सहयोग के लिए एक मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन के दौरान चर्चा करने योग्य प्रमुख विषयों में ब्लास्ट फर्नेस संचालन के भीतर डीकार्बोनाईजेशन रणनीतियां, प्रोसेस वेस्ट और निम्न श्रेणी के कच्चे माल का प्रभावी उपयोग, डीआरआई और एचबीआई प्रौद्योगिकियों में प्रगति के साथ ही कार्बन कैप्चर और उपयोग के तरीके शामिल हैं।

## टाटा स्टील को मिला सीआईआई का ग्रीनप्रो इकोलेबल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/मुंबई।** अपनी पर्यावरण के अनुरूप जिम्मेदार साख को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, टाटा स्टील को अपने ऑटोमोटिव फ्लैट स्टील प्रोडक्ट्स के लिए ग्रीनप्रो इकोलेबलिंग स्टैंडर्ड प्रमाणन प्राप्त हुआ है। भारतीय उद्योग परिसंघ के ग्रीन बिजनेस सेंटर द्वारा विकसित, ग्रीनप्रो इकोलेबल एक व्यापक फ्रेमवर्क के आधार पर 'उत्पाद कितना ग्रीन है' का आकलन करता है, जो पर्यावरणीय प्रदर्शन उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आगे का रास्ता तैयार करता है। मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत, कंपनी के ऑटोमोटिव फ्लैट स्टील प्रोडक्ट्स का उनके उत्पाद जीवनचक्र के हर चरण में शुरू से अंत तक मूल्यांकन किया गया है, जिससे आकलन करने योग्य पर्यावरणीय लाभ होंगे। यह मान्यता स्थायी अभ्यासों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता और पर्यावरण-अनुकूल विनिर्माण की दिशा में ऑटोमोटिव उद्योग के परिवर्तन में योगदान को रेखांकित करती है। राजीव मंगल, वाईस प्रेसिडेंट, सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी, टाटा स्टील ने कहाः ₹हमें ग्रीनप्रो इकोलेबल प्रमाणन प्राप्त करने पर गर्व है, जो पर्यावरण के अनुकूल इस्पात समाधान बनाने के लिए हमारे समर्पण की पुष्टि करता है। सीआईआई से यह मान्यता इस्पात उद्योग में सस्टेनेबिलिटी की दिशा में नए मानक स्थापित करने के हमारे जारी प्रयासों को मान्यता प्रदान करती है। कठोर जीवन चक्र मूल्यांकन अध्ययन से लेकर प्रमुख उत्पादों के लिए पर्यावरण उत्पाद घोषणा (ईपीडी) तक, टाटा स्टील एक सस्टेनेबल कल की दिशा में प्रयासरत है। प्रभात कुमार, वाईस प्रेसिडेंट, टाटा स्टील ने कहाः ग्रीनप्रो प्रमाणन पर्यावरण-अनुकूल विनिर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

## नया जमशेदपुर बसाने का प्रोजेक्ट बनाये केंद्र : कुणाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी इन दिनों दिल्ली प्रवास पर हैं। शुक्रवार को प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री, आवास और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पूरी से नई दिल्ली में मुलाकात की। मुलाकात के क्रम में कुणाल षाड़ंगी ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पूरी से पुर्वी सिंहभूम जिले और लौहनगरी जमशेदपुर के भविष्य की योजनाओं और झारखंड में उज्ज्वला योजना के सफल क्रियान्वयन के सदंर्भ में व्यापक चर्चा की। कुणाल षाड़ंगी ने जमशेदपुर शहर की बढ़ती आबादी, ट्रैफिक, अतिक्रमण और हो रहे औद्योगिक विस्तारीकरण पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए केंद्र सरकार द्वारा एक नए जमशेदपुर बनाने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि भारत की वर्तमान जनसंख्या की लगभग 31% आबादी शहरों में बसती है। एक आकलन के अनुसार आगामी 10 वर्षों में शहरी क्षेत्रों में देश की आबादी का 40% निवास होगा। इसके लिए भौतिक, संस्थागत, सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे के व्यापक विकास की आवश्यकता है। उन्होंने जमशेदपुर के संदर्भ में बताया कि जमशेदपुर में दो शहर बसते हैं, जिसमें दो तरह की व्यवस्थाएं चलती है। एक व्यवस्था कंपनी कमांड क्षेत्र के अधीन बस्तियों में हैं और एक गैर-कंपनी कमांड क्षेत्र की बस्तियों में है। दोनों क्षेत्र की व्यवस्थाओं और मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में बहुत बड़ा अंतर है। एक ओर जहां, कंपनी क्षेत्र की बस्तियों में सभी नागरिक सुविधाएं बहाल है तो वहीं, दूसरी ओर गैर कंपनी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क और साफ-सफाई जैसी अन्य बुनियादी सुविधाओं का घोर आभाव देखने को मिलता है। कुणाल षाड़ंगी ने बताया कि जमशेदपुर में बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिक विस्तारीकरण के साथ नए निर्माण कार्य जारी है तो क्यों ना एक सुरक्षित और बेहतर शहरी भविष्य के लिए अभी से कार्ययोजना बनाई जाए। कुणाल षाड़ंगी ने केंद्रीय मंत्री से कंपनी और गैर-कंपनी क्षेत्र के अंतर को पाटने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भविष्य को ध्यान में रखकर देश में नया भोपाल, नया रायपुर, नई दिल्ली जैसे अनेकों शहर विकसित हुए हैं।

## इंटैक हेरिटेज क्विज की राष्ट्रीय प्रतियोगिता 14-15 को दिल्ली में

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता जुस्को स्कूल कदमा की टीम भाग लेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जुस्को स्कूल, कदमा में दशवीं कक्षा के छात्र अभिनव कुमार पाठक और शाश्वत भूषण दिनांक 14-15 दिसम्बर 23 को राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में भाग लेने इंटैक के मुख्यालय दिल्ली जायेंगे। इंटैक की ओर से इन्हें दिल्ली आने जाने का सेकेंड एसी रेल का किराया तथा रहने की व्यवस्था की जायेगी एवं दिल्ली के विरासत स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा और प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया जाएगा। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय विजेता एवं उप विजेता को अवार्ड दिया जायेगा। बता दें कि 22 नवंबर को इंटैक हेरिटेज क्विज की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रांची के दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में रांची, हजारीबाग, रामगढ तथा जमशेदपुर चैप्टर के शहर स्तरीय विजेता टीम ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में जमशेदपुर चैप्टर से जुस्को स्कूल कदमा की टीम के 10वीं कक्षा के छात्र अभिनव कुमार पाठक और शाश्वत भूषण विजेता रहे। जमशेदपुर चैप्टर के संयोजक अमिताभ घोष ने दोनों प्रतियोगियों का उत्साह बढ़ाया एवं अपनी शुभकामनाएं दीं।

## श्रीनाथ विवि : सेपसीस बीमारी पर छात्र-छात्राओं को डॉ सुनील केडिया ने किया जागरुक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय में कौलेज औफ फामेर्सी के द्वारा विद्यार्थियो के बीच सेपसीस बीमारी पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ सुनील कुमार केडिया ने सेपसीस बीमारी से जुड़े कई महत्वपूर्ण बातों को विद्यार्थियों के सामने रखा उन्होंने बताया कि इसके दुष्प्रभाव से कई तरह की अन्य बीमारियां भी होने लगती है और मरीज का कईअंग काम करना बंद कर देता है। यदि कोई सोचता है कि यह बीमारी किसी विशेष आयु वर्ग के लोगों को ही होगी तो यह गलत है यह बीमारी किसी भी आयु के व्यक्ति को हो सकती है।


सत्र को संबोधित करने आये चिकित्सकों के साथ विवि के कुलाधिपति सुखदेव महतो।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी को सेपसीस बीमारी के लक्षण दिखाई पड़ते हैं तो उसे जल्द से जल्द किसी चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए ना कि वह स्वयं अपना इलाज घर पर रहकर करने लगे। यह एक साइलेंट किलर की तरह है और मरीज को पता भी नहीं चलता है कि उसे कोई बीमारी हो रही है लेकिन धीरे-धीरे उसके लक्षण मरीज के शरीर पर उभरने लगते हैं।

बीमारी को नियंत्रित करने का सबसे बड़ा तरीका है लोगों के बीच अधिक से अधिक उसके बारे में जागरूकता फैलाई जाए। इस जागरूकता कार्यक्रम मे बीएनएसएच से डॉ सुनील कुमार केडिया, टीएमएच से डॉ आसिफ अहमद, डॉ अनु प्रसाद, डॉ सुजीत अशोक जोशी, डॉ महाज्योति चक्रवर्ती, डॉ अमित कुमार शर्मा इत्यादि उपस्थित थे। इसके साथ ही श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुखदेव महतो, श्रीनाथ कॉलेज ऑफ फामेर्सी के विभागाध्यक्ष राहुल बनिक, सहायक प्राध्यापक चंद्रशेखर मित्र, मनोज महतो एवं बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित हुए।

### सेफसीसी बीमारी के लक्षण

- >> मानसिक स्थिति में बदलाव आना।
- >> तेज और उथली सांस लेना।
- >> बिना किसी स्पष्ट कारण के पसीना आना।
- >> पेशाब के दौरान मूत्र मार्ग में दर्द होना।

## खबर एक नजर में

### नये कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और निवर्तमान कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर यूं मिले...



जमशेदपुर। शुक्रवार को नये केंद्रीय कृषि मंत्री सह जन जातीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से नई दिल्ली में उनके सरकारी आवास में शिष्टाचार भेंट की। विधानसभा चुनाव में तोमर को मिली जीत के लिए अर्जुन मुंडा ने गले मिल कर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी भी मौजूद रहे।

### 11 दिसंबर को राजभवन के सामने धरना देंगे बंग भाषी



जमशेदपुर। झारखंड बंगला भाषी उन्नयन समिति के बैनर तले बंग समुदाय के विभिन्न मांगों के समर्थन में राज्यभर के लोग आगामी 11 दिसंबर को रांची राजभवन के समक्ष धरना देंगे. इसके लिए जिलास्तर पर जोरदार तैयारी चल रही है। उक्त जानकारी साकची द बंगाल क्लब में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में समिति के प्रदेश अध्यक्ष अचिंतम गुप्ता (अपु दा) व प्रदेश उपाध्यक्ष अपर्णा गुहा ने दी। अचिंतम दा ने बताया कि बंग समुदाय ने पूर्व में सरकार से रेलवे स्टेशनों का नाम बंगला में भी लिखने, स्कूलों में बंगला पुस्तक व शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सभी स्कूलों में बंगला भाषा की पढ़ाई शुरू करने, बोर्ड निगम आदि में बंगभाषियों को उचित प्रतिनिधित्व देने, बंगला एकेडमी का गठन करने आदि की मांग की थी। यही नही कई बार प्रशासन व सरकार स्तर पर भी आवाज बुलंद की गई। संबंधित जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन भी सौंपा गया, इसके बावजूद इस पहल पर कोई कदम नही उठाया गया। इसलिये समाज में काफी आक्रोश है और राज्यभर के बंगभाषी आगामी 11 दिसंबर को राजभवन में धरना के लिए जुटेंगे। इस जिले से लगभग 600 लोग रांची जाएंगे। उन्होंने बताया कि शहर व इसके आसपास रहनेवाले लोग पूर्वान्ह 8 बजे साकची आमबगान मैदान में जुटेंगे और वहां से एक साथ रांची मोरहाबादी मैदान के लिए रवाना होंगे। अन्य जिले के लोग भी मोरहाबादी मैदान में इकट्ठा होकर पूर्वान्ह लगभग 11 बजे राजभवन के लिए पैदल मार्च शुरू करेंगे। इसके बाद राजभवन में विरोध जताते हुए संबंधित अधिकारी को अपनी मांगों से संबंधित लिखित मांग पत्र सौपेंगे। समिति के पदाधिकारियों ने अन्य बंग भाषियों से भी इस मुद्दे पर समर्थन देने व महाधरना में शामिल होने का आग्रह किया है। संवाददाता सम्मेलन में अचिंतम गुप्ता, अपर्णा गुहा के अलावा विश्वनाथ घोष, सामंतो कुमार, पार्थ सारथी सेन, देवाशीष नाहा, शुभम गोराई, राजेश राय भी मौजूद थे।

**परसुडीह मिलन संघ से निकलेंगे 'बंग बंधु' के सदस्य**

इस मौके पर अपर्णा गुहा ने बताया कि 'बंग बंधु' के सदस्य सुबह 7 बजे परसुडीह विवेकानंद क्लब में एकत्रित होंगे व साकची आमबगान मैदान के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि इसमें शामिल होनेवालों के लिए ड्रेस कोड तय किये गए हैं। महिलाएं एक तरह की साड़ी (सफेद-लाल) व पुरुष कुर्ता पैजामा में होंगे।

### चांडिल अनुमंडलीय अस्पताल की 18 करोड़ परियोजना का सीएम ने किया शिलान्यास

**चांडिल।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गत बुधवार को खरसावां में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ईचागढ़ विधानसभा में विकास कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री चंपई सोरेन, विधायक दशरथ गगराई एवं ईचागढ़ विधायक सविता महतो के उपस्थिति में कुल 57 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने करीब एक सौ 59 करोड़ 61 लाख 47 हजार रूपए के लागत से बनने वाले योजना का आनलाईन शिलान्यास किया। ईचागढ़ विधानसभा के लाइफ लाइन कहे जाने वाले पातकुम-ईचागढ़-दुलमीडीह-लाबा कैनाल रोड करीब 16 किमी करीब 33 करोड़ 85 लाख के लागत से तथा चांडिल अनुमंडलीय अस्पताल जो करीब 17 करोड़ 51 लाख, नीमडीह प्रखंड, ईचागढ़ प्रखंड के कई विकास कार्य तथा चांडिल प्रखण्ड के बीडीओ एवं सीओ आवासीय भवन निर्माण, कुकडू प्रखंड के शहीद अजित धन्नजय चौक से बंगाल सीमा तक सड़क का विशेष मरम्मती कार्य सहित कई कार्य का शिलान्यास सीएम ने किया।

### दिनदहाड़े कारोबारी और कांस्टेबल की हत्या अपराधियों ने कानून व्यवस्था की दावों की उड़ाई धज्जियां : भाजपा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो स्थित जवाहरनगर रोड नंबर 15 में शुक्रवार दिनदहाड़े हुई गोलीकांड ने शहर के कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। अपराधियों की गोलियों से एक युवक सज्जाद उर्फ टांगा की मौत हो गयी जबकि पुलिस का एक बहादुर जवान रामदेव महतो अपराधियों की गोली लगने से शहीद हो गए। इस घटना के बाद से जहां लौहनगरीवासी अपने जान-माल की सुरक्षा को लेकर चिंतित है तो वहीं, भाजपा ने बिगड़ते कानून-व्यवस्था पर राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए हमला बोला है।

### कैट ने गोयल और सिंधिया से हवाई किराये के लिए एमएसपी लाने को कहा

**जमशेदपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) ने आज देश में विभिन्न एयरलाइंस द्वारा वसूले जाने वाले अतार्किक, अत्यधिक और अनिर्देशित हवाई किराया टैरिफ पर कड़ी चिंता जताई है, जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी और आर्थिक नुकसान हो रहा है। कैट ने कहा कि विभिन्न एयरलाइंस कार्टेल मोड में काम कर रही हैं, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि किसी भी क्षेत्र के लिए अलग-अलग एयरलाइंस लगभग समान शुल्क निर्धारित करती हैं, चाहे वह इकॉनमी एयरलाइन हो या पूर्ण सेवा एयरलाइन और इस प्रकार स्मार्ट तरीके से प्रतिस्पर्धा समाप्त की जाती है। कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थालिया ने गतिशील मूल्य निर्धारण के नाम पर हवाई कंपनियों द्वारा की जा रही इस खुली लूट पर गंभीर चिंता व्यक्त की, जो एकाधिकार और पूंजीवाद बनाने के लिए एक रास्ते के अलावा और कुछ नहीं है। सोन्थालिया ने कहा कि हवाई कंपनियों द्वारा हवाई टिकट की कीमतें वसूलने के मॉडल की जांच करना आवश्यक है। ये कंपनियां किसी भी हवाई यात्रा के लिए पहले एक कीमत तय करती हैं, लेकिन जैसे-जैसे हवाई यात्रा की मांग बढ़ती है, कीमतें बिना किसी तथ्य के कई गुना और मनमाने ढंग से बढ़ा दी जाती हैं। कई मौकों पर तो यह बढ़ोतरी पांच/छह गुना या उससे भी अधिक होती है। कीमतें किसी भी समय बढ़ा दी जाती हैं जिसका कोई औचित्य नहीं है। सभी हवाई कंपनियां इस भयावह खेल में शामिल हैं और एक कार्टेल बनाकर प्रतिस्पर्धा अधिनियम और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की भावना के विपरीत कीमतों में हेरफेर करती हैं।

### साई चैरिटेबल ट्रस्ट ने कदमा नर्सरी स्कूल के बच्चों में बांटे गर्म कपड़े



जमशेदपुर। सिरडी साई चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन विजय मेहता के नेतृत्व में कदमा नर्सरी स्कूल जहा समाज के जरूरत मंद के बच्चे पढ़ते है वैसे 102 बच्चों जिनका उम्र 5 से 12 साल का मैरून स्वेटर दिया गया और साथ में बिस्कुट का पैकेट भी दिया। बच्चे बहुत ही खुश नजर आए और स्कूल के प्रधान अध्यापक के साथ शिक्षिका बहुत खुश हुए। कार्यक्रम में विजय मेहता, किरण मेहता, पूरबी घोष, रोहन, फैसल पॉल, अरविंद सागर उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने बाल संरक्षण को ले बैठक की



मेदिनीनगर। झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तिवारी ने बाल अधिकार संरक्षण से संबंधित कार्यों की जानकारी अलग-अलग विभागों के पदाधिकारी से लेते हुए बाल अधिकार के प्रति संबंधित पदाधिकारी को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की बात कही। उन्होंने शिक्षा विभाग अंतर्गत बिना रजिस्टर्ड स्कूलों की जानकारी लेते हुए सभी का जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन करवाने की बात कही। बैठक में आयोग के सदस्य तिवारी ने कहा कि प्रायः ऐसा देखा जाता है कि अक्सर कई बस संचालक बस की गति को धीमा करके बच्चों को बस से उतार देते है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है ऐसे में बच्चों के लिये अलग से डेडीकेटेड बस स्टॉपेज की आवश्यकता है। उन्होंने नगर निगम, ट्रैफिक डिपार्टमेंट, सीडब्लूसी समेत अन्य संबंधित विभाग को इस दिशा में कार्य करने की बात कही। बैठक में तिवारी ने एमभीआई से जिले में संचालित बड़े वाहनों की जानकारी ली साथ ही जिले में संचालित सभी बड़े वाहनों के पीछे बाल संरक्षण से जुड़े स्लोगन लिखवाने हेतु निर्देशित किया। मौके पर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### झारखण्ड मे जीएसटी वन नेशन वन टैक्स के मूल सिद्धांत के विपरीत : इंद्रजीत सिंह



मेदिनीनगर। जीएसटी लगने के बाद से व्यापार के जो समीकरण हैं उसमे मंडी समिती शुल्क के लिए कोई जगह नहीं बची है विशेष कर झारखंड जैसे राज्य के लिए जहां कृषि उपज की पैदावार नगण्य है। वैसे भी यह जीएसटी के वन नेशन वन टैक्स के मूल सिद्धांत के विपरीत है। फिर भी वर्तमान सरकार इसे लागू करने पर अड़ी हुई है तो जाहिर है कि सरकार की नीयत में खोंट है। सरकार को झारखंड के व्यापार या खेती से कोई लेना देना नहीं है। उक्त बातें पलामू चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव इंद्रजीतसिंह डिंपल ने कही। डिंपल ने कहा की इस कृषि शुल्क के लागू होने से सभी कृषि उपज का व्यापार झारखंड में चौपट हो जाएगा। उन्होंने कहा की सरकार इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट जैसे की सरसों तेल रिफाइंड तेल वनस्पति चीनी एवं आयातित पाम तेल तथा इस प्रकार के अनेक सामानों पर कृषि शुल्क अधिरोपित कर देती है जिसका झारखंड के कृषि उपज से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा की मेरे विचार से यह हमारे जीवन मरण का प्रश्न है। हमारे पड़ोसी राज्य बिहार एवं पश्चिम बंगाल में यह शुल्क लागू नहीं है। इस शुल्क के रहते हुए व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में इन दोनों राज्यों के सामने हम कहीं भी टिक नहीं पायेंगे। इसलिए मेरा यह दृढ़ विचार है कि रोज तिल तिल कर मरने से बहुत अच्छा है कि हम एकजुट होकर एफ जे सी सी आई के नेतृत्व में इस काले कानून के खिलाफ विगुल फूंक दें और आर पार की लड़ाई लड़े। ऐसे भी 2024 चुनावी वर्ष है। अगर हम ईमानदारी से एकजुट होकर लड़ेंगे तो सरकार को झूकना ही होगा। हमारे पास और कोई विकल्प नहीं है। यहां यह बताना अप्रासंगिक नहीं होगा कि जीएसटी लागू करने के समय लाए गए संवेधनिक संशोधन के फलस्वरूप अप्रत्यक्ष कर लगाने का अधिकार अब राज्य सरकार के पास नहीं रह गया है। इसलिए झारखंड सरकार ने इसे सुविधा शुल्क का नाम दिया है। लेकिन व्यापारी वर्ग से परामर्श किये बगैर कि वो सरकार द्वारा दी गई किसी तथाकथित सुविधा का लाभ लेकर बदले में शुल्क देना चाहते है कि नहीं, इसे व्यापारी वर्ग पर जबरजस्ती लाद देना एक अप्रत्यक्ष कर के लगाने जैसा है जिसका अधिकार अब राज्य सरकार के पास नहीं है। डिंपल ने एफ जे सीसी आई के नेतृत्व से आग्रह किया है कि शीघ्र ही आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर सभी कृषि उपज की आवा जाही पूर्णरूपेन रोक दी जाये।

### आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का कुराईनपतरा में आयोजन



नीलाम्बर पितांबरपुर संवाददाता। प्रखण्ड के कुराईनपतरा पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की आरंभ बीडीओ सुकेशनी केरकेट्टा, सीओ आशीष कुमार साहू, जिला परिषद सदस्य पश्चिमी आशा देवी, बीससूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह एव पंचायत के मुखिया पूनम देवी,मुखिया बीरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से शहीद नीलांबर पीतांबर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुखिया ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से पंचायत के ग्रामीण लोगों की समस्या को ऑन द स्पॉट समाधान किया जा रहा है। इस मौके का ग्रामीण लाभ उठाए। इस पंचायत के नवनिर्माण संकल्प उत्सव में आप सभी को नमन, वंदन व जोहर और इस कार्यक्रम में आपका स्वागत हैं। प्रखण्ड आपूर्ति विभाग से सोना सोबरन योजना अंतर्गत धोती साड़ी का वितरण किया गया। कल्याण विभाग द्वारा पंचायत के छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया गया है। जेएसएलपीएस द्वारा 24 लाख रुपए का ऋण महिला समूह के लोगो के बीच वितरण किया गया। बीपीएम शिवकुमार उपाध्याय, बीपीआरओ विनय शर्मा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी, मनीष यादव सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### जेएनवी जपला पलामू 2 में चित्र कला प्रर्दशन आयोजित



हुसैनाबाद पलामू। जवाहर नवोदय विद्यालय जपला पलामू 2 में चित्रकला प्रतियोगिता प्रदर्शनी का आयोजन कराया गया। यह कार्यक्रम का आयोजन कला शिक्षक सुनील कुमार वर्मा के निर्देशन में किया गया जिसमे सभी बच्चों ने चित्रकला, मूर्तिकला, एवं रंगीन कागजों द्वरा क्रॉप्ट तथा अनुपयोगी वस्तुओं कला कृति बनाया। मौके पर शिक्षक वर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उदेश्य हैं बच्चों के अंदर से परीक्षा फोबिया से मुक्ति दिलाना ताकि आजकल अनावश्यक रूप से बच्चों में इस तनाव से मुक्ति मिल सके। कला शिक्षक ने बताया कि आस के अनुपयोगी वस्तुओं, फूलों का गुलदस्ता, मानव कृति में कुमारी स्वेता, मनीष कुमार, जिया कुमारी, गोविंद एवं सना की कला पर्दशन आकर्षण का केंद्र बना। वही तात्कालीन प्राचार्य ने अभिषेक कुमार सिंह बच्चों को प्रसंसा किया।

### पंडवा प्रखंड के कजरी पंचायत के शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़



पड़वा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत शुक्रवार को कजरी पंचायत के पाटन मोड़ के पास शिविर का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन प्रखण्ड प्रमुख गीता मेहता व अंचलाधिकारी हलधर सेठी ने किया। प्रमुख गीता मेहता ने कहा कि कजरी पंचायत अंतर्गत आने वाले गांव के जरूरतमंद राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। सरकारी पदाधिकारी व कर्मचारी आप लोगों के द्वार पर योजनाओं का लाभ देने के लिए पहुंचे है। प्रमुख, उप प्रमुख, बीडीओ व सीओ ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। सबसे ज्यादा भीड़ अबुआ आवास के स्टॉल पर देखा गया। इस अवसर पर प्रमुख गीता मेहता व मुखिया रंजना कुमारी सिंह ने जरूरतमंदों के बीच एक सौ तीस कंबल का वितरण किया। बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने ग्रामीणों से अपने जरूरत के मुताबिक योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। शिविर में अबुआ आवास के 461 लोगों ने अपना निबंध कराया, मनरेगा से दो लाभुक को सिंचाई कूप की स्वीकृति दी गई व पांच लोगों को जाब कार्ड दिया गया। जेएसएलपीएस के तीन समुह में ग्यारह लाख की परिसंपत्ति वितरण किया गया। इस मौके पर बीपीओ स्वीटी सिन्हा, उपप्रमुख धर्मवीर सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# लोहड़ा में हमारा संकल्प विकास भारत कार्यक्रम आज : सांसद बीडी राम

**सांसद ने कहा कि कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है जिसमें आप सभी अपना स्वास्थ्य का चेकअप करा सकते हैं**



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़वा प्रखंड के ग्राम पंचायत लोहड़ा मध्य विद्यालय के प्रांगण में 09 दिसंबर को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए सांसद बीडी राम ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को एकजुट करना है।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है जिसमें आप सभी अपना स्वास्थ्य का चेकअप करा सकते हैं।

साथ ही साथ हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम के तहत केन्द्र सरकार द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी पंचायतों में सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन आदि योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना।

उनके बीच सरकार की योजनाओं को लेकर जागरूकता का प्रसार करना तथा उन्हें लाभान्वित करना है। इस अवसर पर आप सभी से आग्रह है कि भारी से भारी संख्या में उपस्थित होकर उक्त योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और लाभान्वित हो।

# श्री दादी जी की निकाली भव्य शोभा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। श्री दादी जी की निकली भव्य शोभा यात्रा श्री रानी सती सेवा समिति के तत्वाधान में पांच दिवसीय पुनर प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान हो रहा है। इसी क्रम में चौथे दिन शुक्रवार को श्री दादी जी श्री बालाजी महाराज एवं अन्य भगवान का नगर भ्रमण निकाल गया। यह नगर भ्रमण माली माला स्थित निर्माण अधीन श्री श्याम मंदिर स्थल से होते आढ़त रोड, जय भवानी संघ, पंचमोहान चौक, डाबर मोड़ समेत कई मार्गों का भ्रमण किया गया। शोभा यात्रा में अपने अस्त्रों के साथ में 500 से ज्यादा महिला पुरुष शामिल थे। इसी क्रम में रास्ते में पप्पू श्राप एवं उनके पूरे परिवार ने दादी जी के लिए चरण पादुका अर्पण करने हेतु झांसी स्वरूप में इस शोभायात्रा जगह-जगह पुष्प वर्षा की बौछार लगी हुई थी बैंड बाजा ढोल नगाड़े के साथ पूरा शहर श्री दादी जी के आशीर्वाद से भाव विभोर हो गया। मारवाड़ी समाज के गनमैन प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं बाहर से भी कई गण मन व्यक्ति आए हुए थे। श्री रानी सती मंदिर रांची के मुख्य ट्रस्ट श्री जलन की रथ में श्री दादी जी की सेवा में लगे हुए थे। कार्यक्रम की शुरूआत में श्री श्याम मित्र मंडल ने विशेष आयोजन दिया एवं सारे पूजन एवं निशान की व्यवस्था। कार्यक्रम में सुरेश भिवानिया, आलोक सांवरिया, मनोज तुलस्यान, संदीप केजरीवाल, संजय विमल उदयपुरिया, राजेश अग्रवाल, विकास सिंघानिया समेत कई लोग शामिल थे।

### आरसीआईटी में दो दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का किया गया आयोजन

# छात्रों को मिले बेहतर शिक्षा : डॉ ईश्वर

**सुबोस इंडिया लिमिटेड पुणे द्वारा छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया, जिसमें 59 का चयन किया गया**

खबर मन्त्र संवाददाता



विश्रामपुर पलामू। रामचंद्र चंद्रवंशी इंस्टिच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

इसमें सुबोस इंडिया लिमिटेड पुणे द्वारा छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें 59 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्र चंद्रवंशी ने चयनित छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर समय यह प्रयास किया जाता है कि छात्रों को बेहतर शिक्षा के साथ ही साथ कैंपस में ही सलेक्शन का मौका उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट एक साथ आरसीयू में दिया जाता है। जिस कारण यहां के पढ़नेवाले छात्र देश के विभिन्न कंपनियों में नाम रौशन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्लेसमेंट प्रमुख मनीषा सिंह एवं उप निदेशक अनुराग चंद्रवंशी के अथक प्रयास से छात्रों का प्लेसमेंट संभव हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में छह कंपनियां पोलटेटिक्रक और अन्य ब्रांच के छात्रों के चयन के लिए आनेवाली है। इसमें आरसीपीआई गढ़वा एवं आईटीआई विश्रामपुर के छात्र भाग लेंगे।

प्लेसमेंट को सफल बनाने में महताब खान, राजमोहन ठाकुर, अफजल अली, नीलेश सिंह, टीएंड पी के अन्य लोग मौजूद थे।

# नियमित व एकाग्रता के साथ पढ़ाई करने से ही मिलती है सफलता : अरुणा शंकर

राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : एसडीपीओ

**आक्सब्रीज स्टार ने किया सेमिनार का आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। शुक्रवार को शहर के आबादगंज स्थित कोचिंग सेंटर ऑक्सब्रीज स्टार ने सेमिनार एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एसडीपीओ सुरजीत कुमार एवं प्रथम मेयर अरूणा शंकर ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक राहुल चतुर्वेदी ने की। संचालन वर्षा तिवारी ने किया। निदेशक राहुल ने कहा कि सेमिनार का विषय है पलामू के विकास को तीव्र गति कैसे दिया जा सकता है और अपराध नियंत्रण में युवाओं की भुमिका क्या है। प्रथम मेयर अरूणा शंकर ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को नियमित व एकाग्रता के साथ पढ़ाई करनी होगी तभी सफलता मिल सकती है। हाल के दिनों में पलामू शिक्षा के क्षेत्र में काफी बदलाव आया है। पलामू के युवाओं ने अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कई युवा यूपीएससी की परीक्षा में सफलता पा कर पलामू का परचम लहराया है। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि किसी भी इलाके के विकास की पहली शर्त शिक्षा है। शिक्षा के अभाव में ही समाज में विकृतियां पैदा होती है। युवाओं में भटकाव भी आ जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों में भटकाव न हो इसके लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने आक्सब्रीज स्टार के निदेशक सहित सभी सदस्य को बधाई दी। भाषण प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार संयुक्त रूप से रिया कुमारी एवं अर्चना कुमारी, द्वितीय पुरस्कार रजिया सुल्तान और ट्वींकल चंद्रा को तृतीय पुरस्कार प्रिया कुमारी को संतोष कुमार, नंदन यादव, रितम्भरा कुमारी, पलक, साफिया, दिर्घा, आत्मजा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मौके पर अरिनदम दता, शिवागिनी दता, यूएस चौबे, आरएन सिंह, रिंकेश कुमार, एसपी दूबे, संजीव तिवारी, देवानंद, उदेश्य सहित कई लोग मौजूद थे।

### जोगा में 11 दिसंबर को लगेगा शिविर : मुखिया कमला



उंटारी रोड पलामू। प्रखंड अंतर्गत जोगा पंचायत के मुखिया कमला देवी ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कही की आगामी 11 दिसंबर को जोगा पंचायत के जोगा उच्च विद्यालय के पास आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में पंचायतवासी अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर लाभ उठावें। मुखिया श्रीमती देवी ने कहा कि शिविर में सरकार द्वारा संचालित सभी विभागों के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को ऑन स्पॉट लाभ दिया जाएगा। वही 26 दिसंबर को पंचायत अंतर्गत बिरजा मध्य विद्यालय के पास शिविर लगेगा।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सी.बी.एस.ई. द्वारा ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जो 09 दिसंबर शनिवार से 10 दिसम्बर रविवार तक आयोजित होगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि शिक्षकों हेतु शिक्षण कार्य में बेहतर गुणवत्ता लाने हेतु कैपेसिटी बिल्डिंग (क्षमता निर्माण) विषय पर आधारित रहेगी। शिक्षक, प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षित होकर छात्रों को बेहतर शिक्षा व नवीन गतिविधियों से परिचित कराएंगे। शिक्षा के प्रति बच्चों में सुरुचि पैदा करने में प्रशिक्षण कार्यशाला महती भूमिका निभाती है। शिक्षक, प्रशिक्षक और बेहतर शिक्षा मिलकर बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाएंगे। इस आयोजन में विभिन्न विद्यालयों के साठ शिक्षक पंजीकृत है। प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन रविवार 10 दिसंबर को होगी।

### पुलिस पेट्रोलिंग वाहन को कुचलने का प्रयास



मेदिनीनगर। सदर थाना क्षेत्र के एन एच75 पर स्थित जोरकट गांव में बीती रात्रि को एक ट्रक ने पुलिस पेट्रोलिंग वाहन को कुचलने का प्रयास किया।यह घटना गुरुवार की मध्य रात्रि में घटी। पेट्रोलिंग पर निकले ए एस आई सुबोध कुमार समेत तीन पुलिस जवान जख्मी हो गए हैं। जो खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पुलिस बीती रात्रि को गस्ती में निकली हुई थी। जो की जोरकट गांव के पास पुलिस की वाहन खड़ी थी। जिसे रांची की ओर से आ रहा 18 चक्का ट्रक ने पीछे से जोरदार धक्का मारा। इसमें दो लोगों की हालात गंभीर है। जिसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि ए एस आई सुबोध कुमार, जवान दीपक कुमार, धर्मेंद्र कुमार गोपाल कुमार जख्मी हो गए हैं। ट्रक को जब्त कर लिया गया है। चालक को जेल भेज दिया गया है। ट्रक जमशेदपुर से मेरठ जा रही थी।

### व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज

मेदिनीनगर। सेसा संस्था, डाल्टनगंज द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार के प्रशिक्षण सहयोगी के रूप में व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को सेसा व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र, दुबियाखाड के निकट, ग्राम भुसड़िया के संपन्न होगा। कार्यक्रम में इंदर सिंह नामधारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी सेसा के महासचिव डॉ कौशिक मल्लिक ने दी।

### श्री राम जन्म भूमि मंदिर अयोध्या से प्राप्त पूजित अक्षत को रेड़मा काली मंदिर में रखा गया : विहिप



मेदिनीनगर। अयोध्या में नव निर्मित श्री राम जन्म भूमि मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी सनातन धर्मावलंबियों को आमंत्रित करने के लिए अयोध्या से आए पूजित अक्षत के कलश को विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए रखा जा रहा है। उसी कड़ी में शुक्रवार को अक्षत कलश को जय भवानी संघ चौक स्थित वेणी मंदिर से रेड़मा स्थित काली मंदिर में ले जाया गया। कल दोपहर तक अक्षत कलश को उसी मंदिर में श्रद्धालुओं के दर्शन और पूजा अर्चना हेतु रखा रहेगा। कल पूजित अक्षत कलश को नगर के दूसरे मंदिर में ले जाया जाएगा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, दामोदर मिश्र, महेंद्र नाथ, गोपाल तिवारी, सुरेश वर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, विकास कुमार कश्यप, नगर अध्यक्ष दीपक प्रसाद, दीपक सिंह, सह संयोजक दिलीप गिरी शामिल थे।

### पलामू जिला स्तरीय जूनियर बालक /बालिका कबड्डी चयन प्रतियोगिता कल

मेदिनीनगर। पलामू जिला कबड्डी एसोसिएशन के तत्वाधान में 10 दिसंबर को 11:00 बजे से विमला पांडे ज्ञान निकेतन स्कूल बैरिया मैदान में जूनियर बालक/बालिका कबड्डी चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में पलामू जिला के सरकारी, गैर सरकारी सभी स्कूल/क्लब के वैसे इच्छुक खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनका वजन बालक के लिए 70 किलोग्राम, बालिका के लिए 65 किलोग्राम से कम हो एव जन्मतिथि 31/12/2023 तक 20 वर्ष से कम हो भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जामताड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। जानकारी के लिए निधि उपाध्याय शारीरिक शिक्षक विमला पांडे ज्ञान निकेतन से संपर्क करेंगे।

## दृष्टि दिव्यांग नंदिनी की उम्मीदों में लगे पंख सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना से जारी है पढ़ाई

**नंदिनी ने कहा-पढ़ाई में हो रही बड़ी मदद, सरकार एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद**

खबर मन्त्र संवाददाता



हैदरनगर, (पलामू)। सरकार द्वारा चलाई जा रही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत बरडंडा पंचायत के बरवाडीह गांव निवासी नंदिनी कुमारी की उम्मीदों में पंख लगा है। इस योजना के तहत नंदिनी को आज तीसरे किस्त की राशि 5000 रूपए मिला। नंदिनी दृष्टि दिव्यांग है। करीब 60% से अधिक दृष्टि दिव्यांग होने के बावजूद नंदिनी में पढ़ाई का जज्बा देखने लायक है। उसके चेहरे की आभा से ही पढ़ाई की रूचि का आकलन किया जा सकता है। 'आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत बरडंडा पंचायत में लगे शिविर में नंदिनी को योजना का लाभ मिला। शिविर में नंदिनी उत्साह से लबरेज थी। उन्होंने बताया कि उसके पिता का नाम नंदलाल राम है, जो दैनिक मजदूरी करते हैं। वहीं मां सुशीला देवी ग्रहिणी है। मध्यवर्गीय परिवार है। नगदी आमदनी नहीं होने के कारण पढ़ाई जारी रखने में बहुत ही कठिनाई होती थी, लेकिन सावित्रीबाई फुले योजना के लाभ से वह पढ़ाई को अबतक जारी रखी है। योजना से मिली राशि का उपयोग पढ़ाई एवं पाठ्य सामग्री की खरीद में करती है। यह राशि उसके लिए काफी मददगार साबित हुई है।

## नरसिंहपुर पथरा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



चैनपुर पलामू। प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुनियादी विद्यालय नरसिंहपुर के सभागार में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर, अंचलाधिकारी संजय बाखला, उपप्रमुख सुनिल सिंह, मुखिया मीना देवी, समाजसेवी व्यास राम चौरसिया, पंचायत समिति कमल किशोर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य है कि सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के पंचायत के लोगों को सिधे आसानी से घर तक पहुंच सके। उन्होंने ग्रामीणों से इसका लाभ लेने की अपील की। मुखिया मीना देवी ने कहा कि शिविर में जनता का हर समस्या का निराकरण किया जाएगा। व्यास राम चौरसिया ने झमाझम वर्षा होने के कारण ग्रामीणों के परेशानी के लिए खेद प्रकट किया। संचालन जीपीएस राधेश्याम ने किया। मौके पर मुखिया पति व्यास राम चौरसिया, चैनपुर जगजीवन प्रसाद सिंह, सभी वार्ड सदस्य, ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## मेराल में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

### लाभुकों के बीच चेक व कंबल का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



पाटन पलामू। प्रखंड अंतर्गत मेराल पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर का उदघाटन पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा, मेराल पंचायत के मुखिया छोटु सिंह, पंचायत समिति सदस्य मंजु देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर में सभी विभागों के 16 स्टॉल लगाकर ग्रमीणों से आवेदन प्राप्त किया गया। शिविर में अबुआ आवास के लिए बड़ी संख्या में लोग लोगों की भींड उमड़ पड़ी थी। शीवीर में 110 आइडी कार्ड वितरण किया गया। जेआरबी ब्रांच शाखा हमीदगंज के शाखा प्रबंधक अंचल कुमार दुबे के प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार झा एवं पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा के द्वारा सखी मंडल के दीदी को साढ़े तेरह लाख का चेक वितरण किया गया। शिविर में कम्बल का वितरण किया गया शिविर में अबुआ आवास का 725 आवेदन प्राप्त किए गये शीवीर में पंचायत सचिव आलोक कुमार पाण्डेय रोजगार सेवक अजय पासवान बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर, लेखा सहायक दीपक तिवारी, आवास कोडिनेटर शीवम कुमार, बीपीआरो कामेश्वर मेहता, पन्द्रहवीं वीत कोडिनेटर चितरांगद कुमार, नाजीर दीवाकांत कुमार, जेएसपीएल विभाग के बीपीएम अमीत गुप्ता सहित अंचल बलौक कार्यालय के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे शीवीर में महिलाओं कि अत्यधिक भीड़ देखी गई शीवीर का संचालन मनरेगा सहायक धीरज सिंह ने किया शीवीर को सफल बनाने में लव मेहता, मोहर सिंह, राकेश सिंह, मुखिया छोटु सिंह ने अहम भूमिका निभाई शीवीर में पाटन बीडीओ एवं सीओ ने असटौल में उपस्थित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे।

## रामगढ़ के पहले ग्रीन ग्रोसरी ग्रामीण मार्ट का उदघाटन

### सोच को सलाम-बड़ी उपलब्धि है : राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़ पलामू। जिले के रामगढ़ चेकनाका के समीप प्रखंड क्षेत्र के पहले ग्रीन ग्रोसरी ग्रामीण मार्ट का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा ने फीता काटकर इसका उदघाटन किया। मौके पर जेएमएम जिलाध्यक्ष ने कहा कि सुदूरवर्ती रामगढ़ जैसे इलाके में ग्रीन ग्रोसरी ग्रामीण मार्ट का उदघाटन साहसिक कदम है। संचालक को सलाम है। उन्होंने कहा कि मार्ट में जिस तरह से गुणवता से परिपूर्ण सामान नजर आ रहे हैं, उससे इसकी तरक्की सुनिश्चित लग रही है। इस मार्ट के खुलने से रामगढ़ क्षेत्र के लोगों को अच्छे सामान लेने के लिए मेदिनीनगर या चैनपुर जाने की बाध्यता खत्म हो गयी है। उन्होंने प्रोपराइटर मो. शाबीर को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मार्ट संचालक को सरकार के माध्यम से हर संभव मदद दिलाने का प्रयास किया जायेगा, ताकि व्यवसाय में बढोतरी हो सके। चैनपुर के जिला पार्षद सह जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष फजायल अहमद ने कहा कि इस तरह का मार्केट रामगढ़ में और खुले, जिससे सभी प्रकार के सामान स्थानीय स्तर पर लोगों को मिल सके और यह इलाका मार्केट का हब बने। प्रोपराइटर ने बताया कि लोगों की जरूरत को ध्यान में रखकर उनके मार्ट में हर छोटे बड़े सामान का रेंज रखा गया है। खाने पीने के सामान से लेकर अन्य सामग्री यहां मिलेगी। लोगों की जरूरत को ध्यान में रखकर इस मार्ट को खोला गया है। मौके पर अन्य लोगों के अलावा जेएमएम के जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी, प्रखंड अध्यक्ष उदय भुइयां, मुखिया पति डॉ फारूख अंसारी, मुखिया उमाशंकर प्रसाद, विद्यासागर जायसवाल, ताजमोहम्मद अंसारी, इम्तेयाज अंसारी सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन इम्तेयाज अंसारी ने किया।

# कभी अभिमान नहीं करना चाहिए, जहां मौका मिले आगे बढ़ना चाहिए : डॉ नीरा

## मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को दिया सफलता का मंत्र, कैपिटल विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह संपन्न

**डॉ सुमन चतुर्वेदी ने कहा, कैपिटल विश्वविद्यालय कोडरमा के लिए सौभाग्य की बात**



**मदन सैनी ने कहा अपनी प्रतिभा को निखारें खुद को कमजोर मत समझें**




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के चित्रगुप्त नगर स्थित कैपिटल विश्वविद्यालय परिसर में शुक्रवार को विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ नीरा यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सुमन चतुर्वेदी (शिक्षाविद्), विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एडवोकेट मदन सैनी, कुलसचिव डॉ अजीत सिंह, निदेशक डॉ प्रमोद कुमार, एचआर प्रदीप भारद्वाज, परीक्षा नियंत्रक डॉ तेज नारायण, मार्केटिंग प्रबंधक विशाल कुमार यादव उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रिया कुमारी ने स्वागत नृत्य प्रस्तुति से सभी अतिथियों का स्वागत कर किया। मासूमा, सोनाली, ललिता, सूरज, सौरभ ने झारखंड के नृत्य को प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि डॉ नीरा यादव ने विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि हमें जीवन में कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए और जहां मौका मिले आगे बढ़ना चाहिए। वहीं, विशिष्ट अतिथि डॉ सुमन चतुर्वेदी ने कहा कि कैपिटल विश्वविद्यालय कोडरमा के लिए सौभाग्य की बात है। इससे किसी भी विद्याथीर्यों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए अपने परिवार से बिछड़ कर दूसरे शहर में नहीं जाना पड़ता है। यह अपने आप में ही कोडरमा वासियों के लिए गौरवान्वित करने वाली बात है।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मदन सैनी ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निखारने की बात कही। उन्होंने अपनी कविता के माध्यम से विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कभी खुद को कमजोर मत समझें। आप अलग हैं और अपने आप में पूर्ण हैं। किसी भी संस्थान के लिए उसके छात्र ही उसके ब्रांड एम्बेसडर होते हैं, क्योंकि ये ही छात्र जब सफल होकर बड़ी-बड़ी कंपनी और बड़े प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवा देते हैं, तो कहीं ना कही उस संस्थान को भी उनकी सफलता के साथ याद किया जाता है। वहीं कुलाधिपति ने बच्चों को और सफल बने नाम की पुस्तक हर विद्यार्थियों को उपहार के रूप में भेंट किया।

अंत में प्रो अजय कुमार बर्णवाल ने सभी को कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद कहा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रम के पीएचडी, स्नातक एवं परास्नातक की डिग्रियां प्रदान की गईं।

मौके पर शिक्षक प्रो अजय बर्णवाल, प्रो हरिहर बर्णवाल, प्रो सुलोचना नायक, प्रो बंदना भदानी, प्रो प्रिया कुमारी, प्रो मिथलेश कुमार यादव, प्रो अजय कुमार दांगी, प्रो गोपाल मिश्रा, चंदन कुमार शिक्षकेतर कर्मचारी मार्केटिंग प्रबंधक विशाल कुमार यादव, रिंकु कुमारी, साक्षी मलिक, आशीष कुमार सिंह, वर्षा कुमारी, पूजा कुमारी मनमोहन, मोनिका, सुनिता, टेकलाल यादव, सुधीर एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## फारुक बने कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के चतरा जिलाध्यक्ष



**सिमरिया।** चतरा कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष का दायित्व मो फारूक को दिया गया है। मो फारुक जिस भी संगठन मे रहे वहां संगठन को मजबूती देने के लिए दिन रात मेहनत करते रहे। इसी जुझारूपन के कारण यह दायित्व दिया गया। दायित्व मिलने पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे, हाजी साबिर हुसैन, कामाख्या नारायण सिंह,परवेज आलम, बाल गोविन्द बैठा, ओमप्रकाश पाठक,रकीबुल अंसारी, नशरुद्दीन अंसारी, रुस्तम अंसारी सुबेस राम,मेराज अंसारी, उस्मान अंसारी,मोहम्मद ऐनुल, धर्मेंद्र यादव, अरुण यादव, महेन्द्र साव, असरार अंसारी, कासिम अंसारी, इकबाल अंसारी, मोहम्मद अरशद, मोहम्मद कुदुस, यशवंत यादव, वली हकीम, खय्याम कोसर, अब्दुला अंसारी, मोहमद इरफान, इदरीस अंसारी, आबिद अंसारी का नाम शामिल है।

# मरकच्चो में हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात

## ग्रामीणों ने वन विभाग से की इलाके से हाथियों को भगाने की मांग

**हाथियों का झुंड गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड से पहुंचा है पपलो पंचायत**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत पपलो में हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। बताते चलें कि हाथियों ने इसके पूर्व गिरिडीह जिला के बिरनी प्रखंड स्थित ग्राम चानो में तीन चार दिनों से जमकर उत्पात मचा रखा था।

गुरुवार को 35 की संख्या में हाथियों का झुंड चानो से निकलकर ग्राम पपलो निवासी उपेंद्र यादव का 7 कट्ठा में लगे धान की फसल व खलिहान में रखे 10 क्विंटल धान को चट कर गया। वहीं पपलो निवासी नारायण यादव का 15 कट्ठा, भुवनेश्वर प्रसाद यादव का 15 कट्ठा, रामचंद्र यादव का 15 कट्ठा, बाबूलाल यादव का 15 कट्ठा, विनोद यादव का 10 कट्ठा, राम लखन यादव का 10 कट्ठा, भुनेश्वर यादव का काटकर खलिहान में रखा पांच कट्ठा, अनिल यादव 15 कट्ठा, विशेश्वर यादव का खलिहान में रखा एक ट्रैक्टर धान, मुकेश कुमार यादव का 4 क्विंटल धान, शांति देवी का एक ट्रैक्टर धान, गोपेश्वर यादव का 4 कट्ठा, रामदेव कुमार का 10 क्विंटल धान, वीरेंद्र यादव का 4 कट्ठा का धान, अर्जुन यादव का 10 का धान, मुंशी यादव का 10 कट्ठा, दशरथ यादव का 40 कट्ठा में लगे धन को खाया व पैरों तले रौंद कर बर्बाद कर दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग हाथियों को क्षेत्र से खदेड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। कृषकों ने वन विभाग के अधिकारियों, उपायुक्त व वन विभाग के आला अधिकारियों से क्षेत्र से हाथियों को भगाने की मांग की है।





खेत में बर्बाद फसल को देखते ग्रामीण।

## सेवानिवृत्त शिक्षक व समाजसेवी कार्तिक सिंह का निधन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मध्य पंचायत निवासी अवकाश प्राप्त शिक्षक सह समाजसेवी 93 वर्षीय कार्तिक सिंह का निधन गुरुवार की शाम 5 बजे मरकच्चो के बड़ा अखाड़ा स्थित निवास स्थान पर हो गया। मिली जानकारी के अनुसार उनकी तबियत एक सप्ताह से खराब चल रही थी। श्री सिंह जयनगर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मतौनी में सफलतापूर्वक प्रधानाध्यापक का कार्य करते हुए 1998 में सेवानिवृत्त हुए थे। वे शिक्षक के दायित्व को भली भांति निभाते हुए समाजसेवा के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम मरकच्चो में शुक्रवार को किया गया। वे अपने पीछे तीन पुत्र एवं दो पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन पर प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, मखिया रंजीत सिंह, दीपक पांडेय, रानी सिंह, पंसस नितिन चन्द्र गुप्ता, गीता देवी समेत क्षेत्र के कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# गढ़वा में महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रति जागरूक करने को एलइडी वाहन रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर ने शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से जिला जनसंपर्क विभाग, झारखंड सरकार की ओर से उपलब्ध कराए गए वीआर युक्त एलइडी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वीआर युक्त एलइडी वाहन जिले के विभिन्न पंचायतों एवं वार्डों में जाकर आमजनों को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रति जागरूक करेगा।

विभिन्न योजनाओं की डॉक्युमेंट्री मूवी के माध्यम से काफी सरल तरीके से फूलो झानो आशीर्वाद योजना, श्रमदान योजना, केसीसी योजना, हर राशन कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना समेत अन्य योजनाओं से लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिससे आमजनों में सरकारी योजनाओं के प्रति जानकारी का अभाव न रहे और वह पूरी तरह से जागरूक होकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले सके।

मौके पर डीडीसी राजेश कुमार राय, डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत, सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अमित कुमार केशरी आदि पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# कस्तूरबा विद्यालय में 239 बच्चियों की हीमोग्लोबिन जांच



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के अंतर्गत में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर के प्रभारी सुमित जायसवाल के निदेर्शा अनुसार बच्चियों का हीमोग्लोबिन जांच किया गया जहां कुल 239 बच्चियों का जांच किया गया? ।जीएनएम रिंकु कुमारी बोधनाथ वर्मा बिरेन्द्र कुमार दांगी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

# सुदूरवर्ती गांव के लोग शिविरों में जाकर लाभ लें : उपायुक्त

**'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में शामिल हुए चतरा डीसी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान चतरा प्रखंड के देवरिया, सिमरिया प्रखंड के सबानो व टंडवा प्रखंड के कोयद पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। इसके पश्चात कल्याण मंच से उन्होने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। वहीं असहाय, गरीब व वृद्ध लोगों के बीच कम्बल का भी वितरण किया साथ ही कार्यक्रम में आये आमजनों को पौधा देकर उनको पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। वहीं जेएसएलपीएस के सखी दीदीयों के बीच चेक व लाभुकों के बीच योजनाओं की स्वीकृति पत्र का वितरण किया । उन्होने कल्याण मंच से सभी को संबोधित करते हुए कहा यह कार्यक्रम राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है। सभी आम जनों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने अपने पंचायतों में होने वाले कार्यक्रम में पहुंच सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ ले। साथ ही मौके पर उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निदेश देते हुए कहा यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी पात्र लाभुकों को योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ मिले। यह कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम व सुदूरवर्ती क्षेत्र से जो लाभुक मुख्यालय नहीं पहुंच पाते है उन्हे लाभान्वित करने का है।



## एक नजर में

### मासिलौंग में विस्थापितों की बैठक संपन्न



**टंडवा (चतरा)।** मगध कोल परियोजना के विस्थापित मासीलौंग गांव के भुरैयतों की एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता राहम पंचायत मुखिया विश्वजीत उरांव एवं सन्चालन विस्थापित नेता सह समाजसेवी सरबजीत गंझू ने किया। बैठक में क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गई एवं उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि सीसीएल द्वारा मासीलौंग गांव अंतर्गत जितने भी भूमि अधिग्रहीत की गई है, जिसका जल्द से जल्द नौकरी एवं मुवाबजा का भुगतान करें, अन्यथा इस क्षेत्र में सीसीएल की कोई भी कार्य नही होने दिया जाएगा। कोई भी कार्य करने पर उसे विस्थापित भुरैयतों द्वारा विरोध किया जाएगा। साथ ही कन्वेयर कॉरिडोर का भी निर्माण बाधित करने की निर्णय लिया गया। इस मौके पर सुरेश उरांव विद्वान उरांव डब्लू गंझू मुंशी गंझू सुनील गंझू समेत अन्य मौजूद थे।

### उच्च विद्यालय फुलवरिया में चला जागरूकता अभियान



**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर नवलशाही थाना पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत उच्च विद्यालय फुलवरिया में स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया। साथ ही नवादा चैक पर भी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना के एसआई रंजीत कुमार, कुमार शिवम द्वारा उक्त विद्यालय के छात्र छात्रोंओ को सड़क सुरक्षा के सभी मानको से अगवत कराते हुए बगैर हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन ना चलाने, नाबालिग बच्चे वाहन नहीं चलावे सहित रोड साइन, जेबरा क्रॉसिंग को पार करने का तरीका एवं अन्य नियमों को बता कर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन अनमोल हैं। हम स्वयं के साथ-साथ अपने परिजनों की भी रक्षा करें।

### पंचायत समिति सदस्यों की हुई समीक्षा बैठक



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर सभागार में पंचायत समिति सदस्यों का बैठक शुक्रवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख अनीता यादव ने किया ।एवं संचालन प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने किया ।जहां ग्रामीणों के द्वारा योजनाओं को चयन कर कार्य कारणी रजिस्टर में नोट कर 15वीं वित्त आयोग की राशि से धरातल पर उतरने की निर्णय ले गई। जिसमें कई योजना पंचायत समितियां के सदस्यों के द्वारा पारित भी की गई है मौके पर उपस्थित उप प्रमुख प्रीतम यादव पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी लालो साव कामेश्वर भुइयां प्रियांशु देवी रहमति परवीन गुड़िया कुमारी एवं अधिकारी पंचायत समिति सदस्य दिगंबर पांडे नजीर रामदेव ठाकुर वह अधिकारी उपस्थित थे।

### एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत गांव मायाडीह जेएसएलपीएस क्लस्टर में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला में मुख्य रूप से जैसलमेर की महिलाएं आजीविका की किशोरी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका सहिया दीदी शामिल थी में जेएसएलपीएस के महिलाएं नई दिल्ली के क्रिया संस्था एवं इद्धतदा नेटवर्क के द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों ने विशाल रैली निकाली गई । रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि महिलाएं अब किसी भी प्रकार के हिंसा का शिकार नहीं बनेगी एवं हिंसा के खिलाफ सभी महिलाएं एकजुट होकर आवाज उठा सकेंगे। जेंडर भेदभाव बंद करने का नारा दिया गया। मौके पर कंचन देवी, शांति देवी, ललिता देवी, गीता देवी सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं।

# कई आवेदनों का त्वरित कार्रवाई करते हुए किया गया निष्पादन

**कोडरमा के चार प्रखंडों में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन**




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत जिला के सतगावां प्रखंड के समलडीह, डोमचांच प्रखंड के बगरीडीह, कोडरमा प्रखंड के पथलडीहा एवं जयनगर प्रखंड के डंडाडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में लगाये गये शिविर में काफी संख्या में आमजनों ने भाग लिया और अपनी अपनी समस्या से पदाधिकारियों को अवगत कराया।

आमजनों ने शिविर में लगाये गये स्टॉल में कृषि, समाज कल्याण, दाखिल खारिज, पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर आवेदन दिया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिविर में आये आमजनों को सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आपलोगों को योजना का लाभ लेने से संबंधित किसी प्रकार की समस्या होती है, तो उसके लिए आवेदन दें, आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए योजना का लाभ दिया जायेगा। शिविर में कई मामलों पर ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर में आये वृद्ध महिलाओं को पेंशन योजना का लाभ दिया गया। ग्रामीणों के बीच जॉब कार्ड, कंबल और धोती साड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किये गये।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का गाड़ीलौंग पंचायत में शुभारंभ आज



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा(चतरा)।** पीएम नरेन्द्र मोदी के सलाहकार तरुण कपूर आज टंडवा प्रखंड अन्तर्गत गाड़ीलौंग पंचायत भवन परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ करेंगे। पीएम एडवाइजर नॉर्थ कर्णपुरा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट टंडवा एवम मगध कोल परियोजना का निरीक्षण व निर्देशन करेंगे साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वे हवाई मार्ग से दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

पीएम सलाहकार के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ को देखते हुए जहां एक ओर प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा सुंदर व सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाया जा रहा है तो वहीं भाजपा के कार्यकताओं में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। इसको लेकर चतरा सांसद और सिमरिया विधायक अपने निर्देशन व मार्गदर्शन से सभी कार्यकताओं को सफल करने के लिए उत्साहित किए हैं इधर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चतरा डीडीसी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया एवं विधि- व्यवस्था का जायजा लेते हुवे सम्बंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया।

## स्पीड न्यूज

### हाईवा का टॉयर फटने से चालक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पाकी पथ पर झाबर ग्राम के समीप शुक्रवार को हाईवा का टायर फटने से उसका चालक मोहम्मद शाहबाज 20 वर्ष ग्राम पाकी गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य चालक के सहयोग से मोहम्मद शाहबाज को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक ईलाज की गई। मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद शाहबाज तूबैद कोल माइंस से कोयला लोडकर कुशवाही साइडिंग जा रहा था। इसी बीच झाबर ग्राम के समीप गाड़ी खड़ी कर ट्रक में पत्थर को निकाल रहा था तभी टायर फट जाने के कारण व इसकी चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

### साक्षरता व संख्यात्मकता प्रशिक्षण आरंभ



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार को चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता प्रशिक्षण का उद्घाटन बालूमाथ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निर्मला लता ने दीप प्रज्वलित कर किया। उपस्थित शिक्षको संबोधित करते हुए निर्मला लता ने कहा कि यह प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है कि कक्षा एवं एक एवं दो के बच्चों को बुनियादी शिक्षा खेल-खेल के माध्यम मनोरंजन कराते हुए से देना है । आप सभी शिक्षक, शिक्षिका इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर एवं अपने-अपने विद्यालय में जाकर जिस तरह से प्रशिक्षण पा रहे हैं उसी तरीके से बच्चों के बीच उतारने का प्रयास करें। वही बीपीओ निकेत गुप्ता ने भी लोगो को संबोधित किया। इस मौके पर सीआरपी जीवन कुमार अनुपम, प्रशिक्षक मोहम्मद इरफान, सतीश कुमार, सुनीता भगत, रामरतन मेहता, शिक्षक कुलेश्वर राम, रणधीर कुमार मिश्रा, सोनी कुमारी, पूनम कुमारी, अनीता टोप्पो, दिलीप कुमार गुप्ता समेत कई शिक्षक शामिल थे।

### माले नेताओं का जेल से निकलने के बाद स्वागत



**मनिका।** मनिका प्रखंड कमेटी के भाकपा माले के कार्यकर्ताओं को 8 दिसंबर को जेल से रिहा होने पर जिला सचिव बिरजू राम व अन्य कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। बता दें कि 14 नवंबर को थाना क्षेत्र में हो रहे आपराधिक घटनाओं के खिलाफ, थाना के विरोध में भाकपा माले व किसान महासभा के बैनर तले प्रतिवाद मार्च व रोड जाम किया गया था। जिसमें खबर कवर करने आए दो पत्रकार समेत 10 नेताओं को पुलिस ने रात्रि में सभी को घर-घर से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। वहीं जेल से निकले सभी नेताओं ने नीलांबर पीताम्बर और बाबा साहब भीम राव आंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माला अर्पित कर जोर जुल्म के टकर में संघर्ष हमारा नारा है का शपथ लिया।

### बिजली के सुविधाओं से आज भी वंचित हैं ग्रामीण

**सरयू।** आजादी के 75 वर्ष बाद भी नहीं पहुंचा बिजली का सुविधा ग्रामीणों में रोष। नवनिर्मित सरयू प्रखंड के चोरहा पंचायत अंतर्गत पुरंकी डबरी के खैराही टोला में 25 से 30 घरो का परिवार निवास करते परन्तु आज तक बिजली बहाल नही हुआ है। ग्रामीण महेंद्र सिंह, सकेन्दर उरांव, शम्भु उरांव, मदत उरांव, मुनेश्वर सिंह, जितेंद्र उरांव, समेत अन्य ग्रामीण ने बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में भी लिखित रूप से आवेदन दिए हैं। उसके बावजूद भी कोई पहल नहीं किया गया। जिसके कारण खैरही टोला के लोग आज भी बिजली के सुविधाओं से वंचित हैं। वही ग्रामीणों का कहना है कि सरयू प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बिजली का सुविधा बहाल हुआ है। लेकिन खैरही टोला के 25 से 30 घरो का परिवार ढीबरी और लालटेन के सहारे जीवन व्यप्त करने पर विवश हैं। वही बिजली से वंचित ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त महोदय से बिजली सेवा बहाल करने की गुहार लगाई है।

## डेवलेक्टो माईनिंग लिमिटेड व सीटी हॉस्पिटल समेत आठ को नोटिस, मानव बल प्रविष्टि नहीं होने पर की जायेगी कानूनी कार्रवाई

# रोजगार मुहैया कराना व पलायन रोकना पहली प्राथमिकता: संतोष कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र के स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के अनुसार उपायुक्त हिमांशु मोहन के निर्देशानुसार आठ कंपनी व व्यवसायिक को नोटिस किया गया है। जिसमें मंताश मोटर्स बालूमाथ, जय अम्बे दिवाकर नगर लातेहार, सीटी हॉस्पिटल लातेहार, ट्रैक एंड टॉवर रेलवे स्टेशन कंपाउंड लातेहार, डेवलेक्टो माईनिंग लिमिटेड लातेहार, टाईकून इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड लातेहार, कायपी लातेहार, बलराम स्टोन क्रशर एंड माइन्स बारियातू लातेहार के नाम शामिल है। नोटिस के माध्यम से निर्देश दिया गया है कि नियोजन अधिनियम के पालन हेतु jharniyajan.jhrkhand.gov.in पर मानव बल की प्रविष्टि एवं त्रैमासिक (अनुलग्न 4) प्रतिवेदन अपलोड करने हेतु सुचना दी गई थी परन्तु आपके द्वारा अधिनियम एवं नियमावली का अनुपालन नहीं की जा रही है। नियोजन अधिनियम 2021 के नियमावली 2022 के नियम के तहत आपको नोटिस जारी करते हुए सूचित किया जाता है कि नोटिस प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर उपयुक्त दिये गये पोर्टल पर ऑनलाईन करते हुए जिला नियोजन कार्यालय में संपर्क करें अन्यथा धारा 3/धारा 6 के उल्लंघन हेतु अधिनियम की धारा 9 एवं धारा 10 के प्रावधानों के अर्न्गत पेनाल्टी की कार्रवाई की जायेगी। पेनाल्टी 25000 से 1,00,000/- तक की राशि की जायेगी। उपयुक्त जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने दी। वहीं श्री कुमार ने आगे कहा कि हमारा मंशा साफ है कि यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराना है जिससे पलायन रूक सकें। वहीं उन्होंने कहा कि नगर पंचायत, पीएचडी समेत कई विभाग अंतर्गत कई संवेदक है जो नियोजन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराये है वैसे संवेदक जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन करवा लें। सरकार का नियमावली स्पष्ट है कि किसी भी कंपनी या व्यवसायिक फर्म में 10 या 10 से अधिक व्यक्ति कार्यरत है एवं 40,000/- रूपये पाते है उनमें 75 प्रतिशत स्थानीय व्यक्ति को रोजगार देना प्रावधान है।



जानकारी देते जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार।

## लातेहार का पहला सैनेटरी नैपकिन उत्पादन यूनिट सृजन का उद्घाटन

# महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वछता के लिए हिंडाल्को की पहल

- महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किया जा रहा अल्ट्राजेल सेनेटरी नैपकिन
- चंदवा प्रखंड के चकला गांव में शुरू हुआ सैनेटरी नैपकिन का उत्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। महिलाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने कि दिशा में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा शुक्रवार को सेनेटरी नैपकिन उत्पादन यूनिट की शुरूआत चंदवा प्रखंड के चकला गांव में की गई। इस उत्पादन यूनिट का उद्घाटन चंदवा के अंचलाधिकारी जे पाठक, चकला ग्राम पंचायत की मुखिया रंजीता एक्का और हिंडाल्को के माइंस एंड मिनरल के प्रमुख आर.के.गुप्ता ने फीता काट कर किया। यह लातेहार जिले का पहला सेनेटरी नैपकिन उत्पादन यूनिट है। इस मौके पर अपने संबोधन नें सीओ जे.पाठक ने हिंडाल्को के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस यूनिट से सेनेटरी नैपकिन के उत्पादन से क्षेत्र की महिलाओं का काफी मदद मिलेगी। वहीं हिंडाल्को के माइंस एंड मिनरल बिजनेस के प्रमुख आर.के. गुप्ता ने कहा कि हिंडाल्को स्थानीय महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य और स्वछ्ता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम स्थानीय समुदाय के सर्वांगीण विकास की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। उसी कड़ी में सैनेटरी नैपकिन की यूनिट स्थानीय महिलाओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। हमारा प्रयास है कि महिलाओं को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि हिंडाल्को को लातेहार जिले में चकला कोल माइंस का आवंटन हुआ है। कंपनी द्वारा सस्टेनबल माइनिंग की अवधारणा के तहत स्थानीय समुदाय के लिए कई लाभकारी कार्य किए जा रहे हैं। सीएसआर के तहत उड़ान परियोनजा, मोबाइल हेल्थ यूनिट आदि का लाभ स्थायनीय लोगों मिल रहा है। इसी कड़ी में अल्ट्राजेल सेनेट्री नैपकिन पैड के प्रोडक्शन यूनिट की शुरूआत की गई है। चकला गांव में हिंडाल्को ने सरल डिजाइन द्वारा प्रोडक्शन के लिए मशीन उपलब्ध कराया है। इसके लिए स्वयं सहायता समूह की दस महिलाओं को नैपकिन पैड बनाने का प्रशिक्षण सरल द्वारा दिया गया है। कंपनी का प्रयास है कि यह महिलाएं सेनेट्री नैपकिन पैड का निर्माण कर आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकें। शुक्रवार को उद्घाटन के मौके पर स्थानीय महिलाओं को सैंपल के तौर पर मुफ्त में नैपकिन पैड भी दिए गए। कंपनी का प्रयास है कि निर्माण में तेजी आने के बाद से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सेनेट्री नैपकिन पैड की बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध कराया जा सके। इस मौके पर झारखंड स्टेट लाइवलिहुड प्रमोशन सोसायटी के बीपीएम मुजीबुल अरफीन, चंदवा कोल माइंस के यूनिट हेड दीपक लेंका, एचआर हेड विनोदानंद ठाकुर, प्रकाश कुमार, अनोमा बासु, एथेल रीडा किस्पोटा, बसंत कुमार, अभयानंद चतुवेर्दी, जिनटयो की जीवलन कौर, एआईएसडी की सीइओ अनीता टोपनो आदि मौजूद थे।



उद्घाटन के दौरान मौजूद लोग।

### चंदवा में आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा शिविर



**चंदवा।** प्रखंड के चंदवा पश्चिमी पंचायत सचिवालय प्रांगण में शुक्रवार को झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि एलआरडीसी उदय कुमार सीओ जयशंकर पाठक बीडीओ विजय कुमार, बिससूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू बिससूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी मुखिया संगीता लकड़ा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन के उपरांत अधिकारियों के द्वारा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉलों की जानकारी दी गयी। एलआरडीसी उदय कुमार ने कहा कि आमजनों को संचालित विकास योजनाओं एवं अपनी समस्याओं को लेकर प्रखंड व जिला मुख्यालय का चक्कर न काटना पड़े इस उद्देश्य से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन आपके पास आई है। आप सभी ग्रामीण शिविर का लाभ उठाकर संचालित विकास योजनाओं का लाभ उठाएं। शिविर में प्रशासन के द्वारा अबुआ आवास, पेंशन, बिजली, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड समेत कई विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। सबसे ज्यादा भीड़ अबुआ आवास योजना को लेकर लगाए गए स्लॉट में देखी गई। खबर लिखे जाने तक अबुवा आवास के लिए कुल 197 आवेदन लिए जा चुके थे। इसके अलावे कई लाभुकों को धोती साड़ी व लुंगी तथा कई जरूरतमन्दों के बीच कंबल का वितरण किया गया। शिविर में कई ग्रामीणों के बीच काला सिसम समेत कई पौधों का वितरण भी किया गया। शिविर में सीआई ऋषिदेव कमल आवास योजना के प्रखंड समन्वयक कुश ध्वज कुमार, बिजली विभाग के सुनील कुमार, सांख्य की पदाधिकारी शिशिर बारला समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## भूख हड़ताल पर बैठे मजदूर नेता की तबीयत बिगड़ी, चढ़ाया गया स्लाइन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में ओबी कोयला रेजिंग का कार्य कर रही पीएनएम कंपनी द्वारा स्थानीय लोगों को नौकरी से हटाकर बाहरी लोगों को काम पर रख लिए जाने के बाद सभी लोग विस्थापित नेता गिरधारी यादव के नेतृत्व में विगत 28 दिनों से धरना पर बैठे थे। वही बीते गुरुवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल किया गया। जिसमें शुक्रवार को विस्थपित नेता गिरधारी यादव की तबियत बिगड़ने लगी। जिसके बाद उन्हें स्लाइन चढ़ाया जा रहा है। मौके पर जानकारी देते विस्थपित नेता गिरधारी यादव ने कहा कि धरने के बीच बीते 4 नवम्बर को पीएनएम कंपनी के मैनेजर शम्भू सिन्हा, सीसीएल पदाधिकारी के समक्ष वार्ता हुआ। लेकिन कंपनी मैनेजर बिना समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किए हुए बैठक से उठकर चले गए। इसके अलावा बीते 27 नवंबर को जीएम कार्यालय राजहरा चंदवा के सभागार में जीएम की अध्यक्षता में क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रबंधन और मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि शामिल हुए |इस बैठक में भी मजदूरों को नौकरी से हटा दिये जाने को लेकर चर्चा हुई। लेकिन फिर भी बात नहीं बन पाई। अंततः विस्थापित नेता गिरधारी यादव के द्वारा गुरुवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का निर्णय लिया गया। जिसके दूसरे दिन तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें स्लाइन चढ़ाया जा रहा है। विधायक, एसडीओ की उपस्थिति में स्थानीय लोगों को रोजगार देने के हुए फैसला को भी कंपनी ने नकारते हुए स्थानीय लोगों को काम से हटा दिया । जब तक कंपनी के मलिक स्वयं आकर धरना स्थल पर वार्ता नहीं करेंगे तब तक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगा। वहीं दिए जा रहे धरना का समर्थन करते हुए बालूमाथ ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव सिन्हा के निर्देश पर सभी सदस्य धरना स्थल पहुंचे और मजदूरों की मांगों का समर्थन किया। मौके पर बसिया मुखिया विमला देवी, दिलमनी यादव, संतोष यादव, भुनेश्वर यादव, कमलेश सिंह, संजय गुप्ता, अर्जुन साव, नासिर, अजित मंत्री, मो. सिकन्दर समेत कई लोग उपस्थित थे।


अस्वस्थ मजदूर नेता।

## अवैध नर्सिंग होम पर गलत ईलाज करने का आरोप

बालूमाथ। बालूमाथ पाकी रोड में अवैध रूप से संचालित श्री अस्पताल पर अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड कराने एवं गलत इलाज करने का आरोप हेरहंज प्रखंड के चिरू ग्राम के डूमर टोला निवासी वजीर अंसारी ने लातेहार उपायुक्त को आवेदन देकर लगाया है। दिए गये आवेदन में वजीर अंसारी ने कहा है कि 7 दिसंबर को मेरी पत्नी का मासिक धर्म में गड़बड़ी होने के कारण मैं श्री अस्पताल गया जहां मेरी पत्नी का अल्ट्रासाउंड करने के बाद संचालक द्वारा 1900 रुपए लेकर दवा दिया गया। घर जाकर दवा खाने के बाद मेरी पत्नी के पूरे शरीर में फोड़ा बनना शुरू हो गया जबकि मेरा 5 माह का पुत्र को कई, दस्त होना शुरू हो गया। मैं इसकी शिकायत करने श्री अस्पताल पहुंचा तो अस्पताल संचालक द्वारा सारा पर्ची को फाड़ दिया और बोला कि हम लोग सिविल सर्जन की मिली भगत से अवैध नर्सिंग होम चलाते हैं एवं अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड करते हैं तुमको जहां जाकर कंप्लेंन करना है करो जिला प्रशासन मेरा कुछ नहीं बिगड़ेगा। उन्होंने आवेदन में कहा है कि बाद में मुझे पता चला कि यह अस्पताल अवैध रूप से संचालित है एवं अल्ट्रासाउंड भी अवैध रूप से करता है एवं मेरी पत्नी का इलाज झोलाछाप चिकित्सक से कराया गया है। जिस कारण दवा रिएक्शन हुआ है। उन्होंने उपायुक्त एवं सिविल सर्जन से कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व तत्कालीन सिविल सर्जन बालूमाथ में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम में छापामारी की थी उस समय श्री अस्पताल अस्पताल शटर लगाकर फरार हो गया था। वही जांच के दौरान श्री अस्पताल, बालूमाथ एमएस नर्सिंग होम टमटमटोला में अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड करने एवं लिंग परीक्षण की जांच करने का मामला सामने आया था। लेकिन अवैध नर्सिंग होम के संचालक का स्वास्थ्य विभाग का संरक्षण मिलने के कारण कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## एक नजर में

### मनिका पुलिस ने एंबुलेस में ले जा रहे 10 लाख की अवैध शराब पकड़ी, तीन को दबोचा



**मनिका।** मनिका पुलिस ने दिन गुरुवार की संध्या में वाहन जांच के दौरान लगभग 10 लाख का अवैध शराब ले जा रहे एक एंबुलेंस को धर दबोचा है। मामले के विषय में मनिका पुलिस ने दिन शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दिया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की संध्या में मटलोंग मोड़ के पास राष्ट्रीय मार्ग 39 पर थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान बीआर 21 7349 नंबर की एंबुलेंस वाहन लातेहार कि तरफ से आ रही थी। वहीं वाहन जांच होते देख चालक एंबुलेंस को घूमाकर वापस लातेहार की ओर भागने लगा तभी वाहन चेकिंग कर रहे पुलिस बल ने उक्त एंबुलेंस को पीछा कर दोमुहान पुल के पास धर दबोचा और घटनास्थल पर ही एंबुलेंस को चेक किया गया तो एंबुलेंस के फर्श एवं छत पर अलग से बनाए गए बॉक्स में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब लोड था जिसका अनुमानित बाजार मूल्य करीब 10 लाख बताया गया जिसे विधिवत जब्त कर एंबुलेंस में सवार तीन लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं छापामारी दल में थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह,एसआई राजकुमार तिग्गा,एएसआई मिश्रा मांझी,मनोज कुमार दुबे,धर्मेंद्र राय एवं थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

### मृतक के परिजनों को राशन उपलब्ध कराते खरवार भोगता विकास संघ


राशन देते संघ के लोग।

**बारियातू।** खरवार भोक्ता समाज विकास संघ के तत्वाधान में पंचायत के कार्यकत्ताओं ने नावाडीह डकबंदी टोला पहुंचकर राशन उपलब्ध कराया। गोनिया पंचायत अध्यक्ष बिनोद गंझु, युवा प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर गंझू, प्रखंड कोषाध्यक्ष योगेन्द्र गंझु ने संयुक्त रूप से गोनिया पंचायत के नवाडीह ग्राम स्थित डकबंदी टोला निवासी विकास गंझू पिता बुधन गंझु के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाते हुए दशकर्म के लिए एक बोरा चावल, आलु, दाल, तेल, नमक सहित अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया। जानकारी देते हुए पंचायत अध्यक्ष गंझू ने बताया की डकबंधी निवासी बुधन गंझु के 15 वर्षीय पुत्र विकास गंझू का बीते 26 नवम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। मृतक के पिता मजदूरी करने बाहर गये थे। माता का भी एक वर्ष पूर्व निधन हो गया है। मृतक चार भाईयों में सबसे बड़ा था। मृतक के परिवार अत्यंत गरीब व बेसहारा परिवार है। जिसे देखते हुए खरवार भोगता विकास संघ द्वारा एक बोरा चावल, आलु, दाल, तेल, नमक मुहैया कराया गया है। मौके पर कृष्णा गंझु, रूप लाल गंझु, दिलीप गंझु, जमूना गंझु, प्रमोद, जगदेव, सुकरी, मीना, रमोध, कवीता, रविता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### स्वास्थ्य साहियाओ ने निकाली जागरूकता रैली

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत मकरा उपस्वास्थ्य केंद्र से सहिया किरन्ती देवी की अध्यक्षता में पीएलए का बैठक किया गया। बैठक के पश्चात कई सहिया व महिलाओं ने जागरूकता रैली निकली। बैठक में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को मुख्य रूप से स्वास्थ्य से संबंधी जानकारी दी गई। उपस्थित कई सहिया व ग्रामीण महिलाओं ने अपने-अपने हाथों में तख्तीयां लेकर रंग-बिरंगा सब्जियां खाएंगे स्वस्थ जीवन अपनाएंगे। भोजन में विविधता बने रहे मां बच्चों के चेहरे पर खुशी रहे, मां स्वयं के लिए तीन बार बच्चों के लिए एक बार बच्चे का स्वस्थ भविष्य बनाना है तो धात्री मां को दो बार अतिरिक्त भोजन खिलाना है। हरे पत्तेदार सब्जियां खाएंगे शरीर में खून बढ़ाएंगे, माँ आयरन गोली खाएगी एनीमिया दूर भगाएगी, बीमारी से बचाना है तो गहरे रंग की फल एवं सब्जियां खाना है सहित कई नारा लगाते हुए मकरा स्वास्थ्य भवन परिसर से मकरा बस्ती होते हुए अंगबाड़ी केंद्र तक तक जागरूकता रैली निकाली। मौके पर सहायिका पार्वती देवी, सहिया पूनम देवी,कुंती देवी, कलामनी देवी, सगीता देवी, प्रतिमा देवी, सुमन देवी, कविता देवी सहित कई महिला उपस्थित थे।

### दिन दयाल ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन


शिविर में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में शुक्रवार को दिनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय युथ मोबिलाइजेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, जिप सदस्य रमेश राम ने उपस्थित होकर शिविर के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया की शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक युवतियों को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार प्रदान करना है साथ ही रसतोगी एजुकेशन सोसाईटीज (छत्तीसगढ़) क्वीन कारपोरशन लिमिटेड (रांची) एवं एलएनजे टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड़ (रांची) के प्रोवाइडर भी कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया। इन्होने अपने संस्था के माध्यम से कराये जा रहे विषय और लाभ के बारे में बताया। सभी विषय का प्रशिक्षण निशुल्क आवासीय सुविधा के साथ दिया जायेगा। वेयर हाउस पिकर,पैकर, असिस्टेड ईलेक्टीशियन, सिलाई मशीन आपरेटर आदि का प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराने की बात कही। शिविर में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने लोगो को संबोधित करते हुए कई जानकारी दिया। वहीं जिला कार्यक्रम प्रबंधक (जेएसएलपीएस) संतोष कुमार ने प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा किए। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (जेएसएलपीएस) सुनिल कुमार, एडमिन रितैस पैत,एव जेएसएलपीएस कमीर्यों के साथ प्रशिक्षण लेने के इच्छुक युवक, युवतियां भारी संख्या मे उपस्थित रहे।

# टोरी रेलवे क्रॉसिंग आपातकालीन रास्ते को बंद किए जाने से लोगों में भारी रोष

- शुक्रवार को दिन में कई बार भारी जाम से लोग रहे त्राहिमाम
- माकपा नेताओं ने रेलवे द्वारा बंद किये गए आपातकालीन रास्ते का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन पूर्वी केबिन स्थित रेलवे समपार फाटक पर शुक्रवार को आमलोगों को कई बार भारी जाम का सामना करना पड़ा। जाम में फंसे लोगों का आरोप था कि उक्त परेशानी गुरुवार को रेलवे फाटक पर बाइक पार करने को लेकर बने आपातकालीन रास्ते को रेलवे के द्वारा बंद कर दिए जाने के बाद से उत्पन्न हुई है। जिस कारण चंदवा वासियों व एनएच-99 पर आवागमन हजारों यात्रियों एवं विद्यार्थियों में भारी रोष देखा जा रहा है। जाम में फंसे परेशान आम लोगों ने रेल प्रशासन के कार्यशैली पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि बिहार राज्य व झारखंड के कई जिलों को रांची व छत्तीसगढ़ से जोड़ने वाली एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग टोरी रेलवे फाटक से होकर गुजरती है। टोरी रेलवे फाटक मिनट दर मिनट बंद होती है, जिसकी अवधि लगभग 15 लेकर लगभग 45 मिनट की होती है। कई बार तो फाटक को बंद कर आधा दर्जन ट्रेनों को पार किया जाता है। ऐसे में एनएच से आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानी होती है। कई बार जाम में आपातकालीन वाहन, एम्बुलेंस भी फाटक के जाम में फंस जाता है व लोगो को जान माल की क्षति उठानी पड़ती है। ऐसे में आपातकालीन परिस्थितियों में किसी प्रकार से बाइक को पार करने के लिए फाटक के पास फाटक के बगल से आपातकालीन रास्ता बना हुआ था। जिसे गुरुवार को रेलवे के द्वारा बंद करा दिया गया। आपातकालीन रास्ता बंद होने के बाद से टोरी रेलवे फाटक पर लगातार भारी जाम की स्थिति देखी जा रही है। फाटक खुलने के बाद वाहन पार करने के लिए लोग आपाधापी करते देखे जा रहे हैं ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बन गई है। रेल प्रशासन के द्वारा भी फाटक पर जाम से निपटने और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर मुकम्मल व्यवस्था नही की गई है। केवल 2 जवानों को फाटक पर खड़ा कर दिया गया है, भारी जाम की स्थिति के बाद मुख्य दर्शक ही साबित हो रहे हैं।


सड़क पर लगा जाम।

### मकपा नेता ने बंद किये गए आपातकालीन रास्ते का लिया जायजा

इधर आपातकालीन रास्ते को बंद कर दिए जाने की सूचना के बाद माकपा नेता अयूब खान ने बंद किये आपातकालीन रास्ते का जायजा लिया व रेल प्रशासन के कार्य शैली पर कड़ा रोष प्रकट करते हुए कहा कि रेल प्रशासन चंदवा के आम लोगों के सब्र का इम्तिहान ले रही है। प्रशासन को प्रैक्टिकल होकर आम जनों की समस्या को समझना होगा कि लोग टोरी रेलवे फाटक पर किस प्रकार परेशान है तब जाकर उन्हें यहां की लोगो की परेशानी समझ मे आएगी।

